दिनांकः 27.08.2026 समय: 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार 21वीं सदी के भारत के लिए आधुनिक खेल व्यवस्था तैयार करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खेल विश्वविद्यालयों से लेकर आधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों तक, देशभर में ऐसा खेल तंत्र विकसित किया जा रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा को हर स्तर पर सहयोग मिले। श्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से मेरा युवा भारत-माय भारत की ओर से आयोजित खेलो इंडिया संवाद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये संवाद विकसित भारत के निर्माण में खेल प्रतिभा और युवाशक्ति को जोड़ने का अभियान है।

000

इस अवसर पर प्रदेश के हर जिले के दो कॉलेजों में भी खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के सुबोध कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति के स्पष्ट उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने से राष्ट्र निर्माण की राह खुलती है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत की दिशा में धैर्य, आत्मविश्वास और अथक परिश्रम से काम करने का आह्वान किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने युवा खिलाड़ियों से संवाद भी किया।

000

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए प्रत्याशी 31 अगस्त तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 309 नगरीय निकायों के चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 9 सितंबर और दूसरे चरण में 11 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 14 सितंबर को होगी, जबकि नगर परिषद सभापति और नगरपालिका अध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर को होगा। इन चुनावों में 1 करोड़ 44 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद और 252 नगर पालिकाएं शामिल हैं।

000

भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। बाजारों में राखी, उपहारों और मिठाइयों की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। इस बार पारंपरिक कुंदन, मीनाकारी और जरदोजी वर्क वाली राखियों के साथ ब्रेसलेट स्टाइल की राखियां भी पसंद की जा रही हैं। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।

रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। वहीं दुकानदार भी राखियों की अच्छी बिक्री से खुश हैं। रक्षाबंधन पर खाने-पीने की चीजों में मिलावट रोकने के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य सुरक्षा विभाग भी मुस्तैद है। जांच दलों द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

000

प्रदेश में कल राजधानी जयपुर सहित करीब 15 शहरों में हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गई। सबसे अधिक 47 मिलीमीटर पानी करौली के सपोटरा में बरसा। टोंक जिले के बीसलपुर बांध में बीते 24 घंटों में 4 सेंटीमीटर पानी की आवक हुई। बांध का वर्तमान जलस्तर 314 आरएल मीटर से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज अजमेर, कोटा, बारां, झालावाड़, भीलवाड़ा और सवाईमाधोपुर सहित 12 जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात की संभावना है। हालांकि राज्य में आज से बारिश की गतिविधियों में कमी का पूर्वानुमान है।

000

हनुमानगढ़ का प्रसिद्ध गोगामेड़ी मेला कल से भरेगा। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने मेला क्षेत्र का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की। डॉ. यादव ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद रखने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए ढाई सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गये हैं। साथ ही अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। उधर, शेखावाटी क्षेत्र के तीर्थ स्थल लोहार्गल में भादो अमावस्या मेला 5 सितम्बर से भरेगा। इसे लेकर झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग ने चैबीस कोसीय परिक्रमा मार्ग का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सूर्यकुंड क्षेत्र विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000